हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 8 अप्रैल 2024, समय 1305 (5 मिनट))

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने अपनी शैक्षणिक सामग्री के कॉपीराइट उल्लंघन को लेकर चेतावनी जारी की है।

चेतावनी में कहा गया है कि यदि कोई भी व्यक्ति या संस्थान कॉपीराइट अनुमति के बिना परिषद की पाठ्यपुस्तकों की सामग्री का व्यावसायिक उपयोग के लिए प्रकाशन करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने लोगों से ऐसी पाठ्यपुस्तकों या कार्यपुस्तिकाओं का उपयोग न करने का आग्रह किया है और कहा है कि उनमें दी गई सामग्री तथ्यात्मक रूप से गलत हो सकती है। यह भी सलाह दी गई है कि यदि किसी व्यक्ति को ऐसी अनाधिकृत बिना आज्ञा नकल की गई पाठ्यपुस्तकें या कार्यपुस्तिकाएं मिलती हैं, तो परिषद की ईमेल pd.ncert@nic.in के माध्यम से इस विषय में तुरंत सूचित करें।

....

अंबाला जिले में कल तक सी विजिल ऐप पर चुनाव आदर्श आचार संहिता की 207 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 201 का निपटान कर दिया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अंबाला की उपायुक्त डॉ. शालीन ने बताया कि शेष 6 शिकायतों का निपटान शीघ्र कर दिया जायेगा। उन्होंने अपने मोबाइल पर सी विजिल ऐप डाऊनलोड करें और अपने आस पास आदर्श आचार संहिता की उल्लंघन का मामला सामने आने पर तुरंत इसकी जानकारी इस ऐप पर दें।

उन्होंने कहा कि अगर कहीं सरकारी भवनों, बिजली के खंभों और चौराहों पर प्रचार सामग्री चस्पा की गई दिखे तो इसकी वीडियो बनाकर या फोटो खींच की ऐप पर डालें ताकि प्रचार सामग्री को सार्वजनिक संपत्ति से तुरंत हटाया जा सके। डॉ. शालीन ने कहा कि आमजन आदर्श आचार संहिता की अनुपालना में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

....

हरियाणा में चुनाव प्रचार धीरे धीरे गति पकड़ रहा है।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा सभी 10 सीटों पर समय रहते उम्मीदवारों की घोषणा किये जाने से पार्टी की प्रचार मुहिम पूरे ज़ोर पर है। कल पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी मनोहर लाल ने रोहतक में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव प्रचार प्रसार को लेकर चर्चा की और बाद में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि कांगेस के कई नेता लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए तैयार नहीं है इसलिए पार्टी अभी तक उम्मीदवारों की घोषणा नहीं कर पाई है।

एक सवाल के जवाब में श्री मनोहरल लाल ने कहा कि आने वाले समय में दूसरे दलों के कई नेता भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो सकते है। रोहतक लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी डॉ. अरविंद शर्मा ने कल महम क्षेत्र में लोगों से संपर्क कर उन्हें वोट देने की अपील की।

श्री शर्मा ने कहा कि आज कांग्रेस प्रदेश में कई गुटों में बंटी हुई है और दीपेंद्र हुड्डा जैसे कांग्रेस नेता झूठ का सहारा लेकर लोगों को बरगलाने का काम कर रहे है।

उन्होंने दीपेंद्र हुड्डा से सवाल करते हुए कहा कि उन्हें लोगों को बताना चाहिए कि उने पिता जी के मुख्यमंत्री रहते युवाओं को नौकरी कैसे मिलती थी। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि आज लोग स्वयं बिना खर्ची व नौकरी मिलने की बात करते है।

....

पलवल शहर में पुलिस ने 105 पेटी अवैध शराब बरामद की है।

थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि एक सूचना के आधार पर जैन्दीपुरा मौहल्ला मे शराब के ठेका पर खड़े एक ढुलाई वाहन से यह शराब बरामद की गई। जो वास्तव में पलवल बस अड्डा स्थित शराब के ठेके पर उतारी जानी थी, लेकिन जैन्दीपुरा मौहल्ले के ठेके पर अबैध रुप से उतारी जा रही थी।

गिरफ्तार चालक से पूछताछ में मालिक की भी इस मामले में संलिप्त्ता पाई गई है। पुलिस द्वारा इस संबंध में आबकारी एवं कराधान विभाग को भी सूचित कर दिया गया है।

....

रोहतक मंडल के आयुक्त संजीव वर्मा ने कल भिवानी जिला के गांव मानहेरू, गौरीपुर तथा कितलाना के खेतों में जाकर ओलावृष्टि से सरसों व गेहूं की फसलों में हुए नुकसान का जायजा लिया।

किसानों ने आयुक्त को बताया कि गेहूं की बजाय सरसों की फसल में ओलावृष्टि से ज्यादा नुकसान हुआ है। इस पर आयुक्त ने कहा कि किसानो को सरसो व गेंहू की फसल में हुए नुकसान की भरपाई के लिए पुरा मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने संबंधित गांवों के राजस्व विभाग के अधिकारियों व पटवारियों को निर्देश दिए कि वे क्षति पूर्ति पोर्टल पर दर्ज नुकसान का सही आकलन करें, ताकि किसान को समय पर मुआवजा दिया जा सके।

....

हरियाणा के जींद के ऐतिहासिक गांव पांडु- पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर सोमवती अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान किया तथा पिंडदान कर पितृ तर्पण किया।

हमारे संवाददाता ने बताया है कि ऐतिहासिक पिंडतारक तीर्थ पर कल शाम से ही श्रद्धालु पहुंचने शुरू हो गये थे। पूरी रात यहां धर्मशालाओं में सत्संग तथा कीर्तन चलता रहा।

आज सुबह से ही श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान तथा पिंडदान शुरू कर दिया जो मध्यान्ह के बाद तक चलता रहा। दूर दराज से आएं श्रद्धालुओं ने अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया तथा सूर्यदेव को जलार्पित करके सुख समृद्धि की कामना की।

मान्यता है कि महाभारत के युद्ध के बाद पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पांडवों ने यहां 12 वर्ष तक सोमवती अमावस्या की प्रतीक्षा में तपस्या की थी। बाद में सोमवती अमावस्या के आने पर युद्ध में मारे गए परिजनों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया था।

....